प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.02.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।




आज दिनांक- 16.02.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी श्रीमती हर्षिता गंगवार सहित अन्य अधि./कर्म.गण मौजूद रहे।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.02.2025
महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

# "मिशन शक्ति फेज-5.0" के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-





प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे "मिशन शक्ति फेज- 05" के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 16.02.2025 महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।

## अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही–

## थाना श्रीनगर की संयुक्त पुलिस टीम ने 48 लीटर अवैध शराब के साथ 03 नफ़र अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 15.02.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर प्रभारी निरीक्षक श्री अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई।

थाना श्रीनगर एवं आबकारी के संयुक्त नेतृत्व में गठित की गयी प्रथम पुलिस टीम ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र के ग्राम ननौरा कबूतरा डेरा के पास से 14-14 लीटर (कुल-28 ली.) अवैध कच्ची शराब के साथ 02 नफर अभियुक्ताओं क्रमशः 1. मुस्कान पत्नी अच्छे उम्र 22 वर्ष 2.संगीता पत्नी पप्पू कबूतरा उम्र 35 वर्ष निवासीगण ग्राम ननौरा कबूतरा डेरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को गिरफ्तार किया है।

इसी क्रम में उ0नि0 रामआसरे मय हमराह उ0नि0 संदीप विमल व हे.कां. ओमप्रकाश के नेतृत्व में गठित की गयी द्वितीय पुलिस टीम ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थानाक्षेत्र के बिलखी तिराहा बस स्टैंड के पास से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक नफर अभियुक्त शिवदयाल पुत्र नाथूराम उम्र करीब 58 वर्ष निवासी ग्राम मुरानी थाना श्रीनगर जनपद महोबा को गिरफ्तार किया है।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना श्रीनगर में क्रमशः मु.अ.स. 27/2025, मु.अ.स. 28/2025 , मु.अ.स. 29/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गयी है।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1. मुस्कान पत्नी अच्छे उम्र  वर्ष 22
2. संगीता पत्नी पप्पू कबूतरा उम्र  वर्ष 35

निवासीगण ग्राम ननौरा कबूतरा डेरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा

3. शिवदयाल पुत्र नाथूराम उम्र करीब वर्ष नि 58वासी ग्राम मुरानी थाना श्रीनगर महोबा

**कुल बरामदगी-** 14+14+20 लीटर (कुल 48 लीटर) अवैध कच्ची शराब

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

**प्रथम टीम-**

1. उ रामआसरे 0नि0थाना श्रीनगर
2. आबकारी निरीक्षक कनीज फातिमा क्षेत्र -1 महोबा मय हमराहीयान

**द्वितीय टीम-**

1. उ रामआसरे 0नि02. उसंदीप विमल यूटी0 0नि0, थाना श्रीनगर, महोबा।
2. हेओमप्रकाश 0का0

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.02.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में SPEL (स्टूडेंट पुलिस एक्सप्रिएन्शल लर्निंग प्रोग्राम) के तहत चयनित छात्रों को प्रान्तीय बाल सेवा सदन अनाथालय का भ्रमण कराते हुए उनको सामाजिक/अनुभवात्मक शिक्षण प्रदान किया गया-

पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा "श्री पलाश बंसल" के निर्देशन में आज दिनांक 16.02.2025 को भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग के तत्वाधान में आयोजित हो रहे कार्यक्रम Student Police Experiential Learning (SPEL) कार्यक्रम के तहत थाना कोतवाली नगर महोबा एवं महिला थाना में प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु वीर भूमि डिग्री कालेज, महोबा से चयनित छात्र/छात्राओं को मुख्यालय अवस्थित प्रान्तीय बाल सेवा सदन अनाथालय महोबा का भ्रमण कराया गया।

इस दौरान वहां निवासित बच्चों को पेन, पेन्सिल, कलर, नोट बुक इत्यादि पढने वाली सामाग्री एवं खाने पीने की सामग्री सहित फल आदि बच्चों को उपहार स्वरुप प्रदान किया गया तथा बच्चो के साथ वात्सल्य भाव से वार्ता करते हुये, उनको मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं, उनकी शिक्षा व्यवस्था के बारे में जाना गया साथ ही उनकी मनोदशा को समझने को प्रयास किया गया।

इस दौरान बच्चों द्वारा "नशे को कहो अलविदा, जीवन को बनाओ खुशहाल सदा!" विषय पर अभिनय कर नाटक का मंचन करके मौजूद लोगो को नशे के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नशा किस प्रकार हमारे शरीर के साथ ही हमारे मानसिक, आर्थिक एवं पारिवारिक जीवन को खराब कर देता है। अतः इस नशे के काल मे जाने से बचे और हमेशा इससे दूर रहे। पुलिस टीम द्वारा बच्चों को किसी भी प्रकार की आपात सहायता हेतु डायल-112 के बारे में व बच्चो से सम्बन्धित समस्या होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 में सम्पर्क करने के लिये जागरुक किया गया है।

इस दौरान म0उ0नि0 शिवांगी प्रजापति, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए अभिषेक वर्मा, म0का0 माधुरी पटेल, कां0 जय प्रकाश सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राएं एवं बाल सेवा सदन अनाथालय के संचालक/केयर टेकर राजकुमार त्रिपाठी सहित वहां निवासित बच्चे मौजूद रहे।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.02.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम मुकदमें से सम्बन्धित 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 16.02.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई उ0नि0 नरेश चन्द्र निगम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मु.न. 3118/2016 एनसीआर नं. 39/16 धारा 323/504/506 भादवि से सम्बन्धित 02 नफर वारण्टी अभियुक्त क्रमशः 1.भग्गू अहिरवार उर्फ भगवारदीन पुत्र विक्रम अहिरवार उम्र करीब 25 वर्ष 2.प्रेमा देवी पत्नी विक्रम अहिरवार उम्र करीब 55 वर्ष निवासीगण सिचौरा थाना कबरई जनपद महोबा को थाना क्षेत्र के ग्राम सिचौरा से नियमानुसार गिरफ्तार किया है एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरान्त मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. भग्गू अहिरवार उर्फ भगवारदीन पुत्र विक्रम अहिरवार उम्र करीब 25 वर्ष
2. प्रेमा देवी पत्नी विक्रम अहिरवार उम्र करीब 55 वर्ष

निवासीगण सिचौरा थाना कबरई जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 नरेश चन्द्र निगम
2. म0उ0नि0 एकता भदौरिया
3. का0 अंकित कुमार पटेल

